# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Engineering Programmes get AICTE approval for Session 2022-23**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 18-08-2022**

# हकेवि के इंजीनिरिंग पाठ्यक्रमों को सत्र 2022-23 के लिए मिली एआईसीटीई की मंजूरी

**नीरज कौशिक**



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्व-विद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत उपलब्ध सभी चार पाठ्यक्रमों को आल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई), नई दिल्ली ने सत्र 2022-23 के लिए मान्यता प्रदान कर दी है। विश्वविद्यालय को मिली इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह मान्यता विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 से विश्वविद्यालय में शुरू इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों को पुनः एआईसीटीई से शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए सभी चार इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों को मान्यता प्रदान की है।

विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय इन सभी तकनीकी पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु आवश्यक संसाधनों के विकास की दिशा में अग्रसर है। हमारे पास अनुभवी संकाय सदस्यों के साथ-साथ जरूरी अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं भी उपलब्ध हैं।

स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन डॉ. फूल सिंह ने बताया कि एआईसीटीई से प्राप्त पत्र के अनुसार बी.टेक. इन कंप्यूटर सांइस एंड इंजीनियरिंग, बी.टेक. इन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, बी.टेक. इन सिविल इंजीनियरिंग और बी.टेक इन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के पाठ्यक्रमों मान्यता मिल गई है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 18-08-2022**

# हकेंवि : इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों को मिली एआईसीटीई की मंजूरी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंविवि) महेंद्रगढ़ के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत उपलब्ध सभी चार पाठ्यक्रमों को आल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) ने सत्र 2022-23 के लिए मान्यता प्रदान कर दी है।

विश्वविद्यालय को मिली इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह मान्यता विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 से विश्वविद्यालय में शुरू इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों को पुनः एआईसीटीई से शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए सभी चार इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों को मान्यता प्रदान की है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय इन सभी तकनीकी पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु आवश्यक संसाधनों के विकास की दिशा में अग्रसर है। हमारे पास अनुभवी संकाय सदस्यों के साथ-साथ जरूरी अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं भी उपलब्ध हैं। कुलपति बोले कि इंजीनियरिंग के लिए निर्धारित प्रमुख मानकों के अंतर्गत स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में उपलब्ध सभी चार पाठ्यक्रमों को एआईसीटीई की भी पुनः मान्यता मिल गई है। संवाद

## कुलपति बोले-विद्यार्थियों के हित में विश्वविद्यालय लगातार प्रयासरत

## चार पाठ्यक्रमों में उपलब्ध रहेंगी 60-60 सीटें

स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन डॉ. फूल सिंह ने बताया कि एआईसीटीई से प्राप्त पत्र के अनुसार बीटेक इन कंप्यूटर सांइस एंड इंजीनियरिंग, बीटेक इन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, बीटेक इन सिविल इंजीनियरिंग और बीटेक इन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के पाठ्यक्रमों मान्यता मिल गई है। उन्होंने बताया कि इंजीनियरिंग के बीटेक के सभी पाठ्यक्रमों के लिए 60-60 सीटों की मान्यता एआईसीटीई द्वारा दी गई है। उन्होंने कहा कि इस मान्यता से विद्यार्थियों के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप तैयार पाठ्यक्रमों में अध्ययन का अवसर प्राप्त होगा व रोजगार के विकल्पों में भी इजाफा होगा।

# हकेंवि के इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों को मिली एआइसीटीई की मंजूरी

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालाजी के अंतर्गत उपलब्ध सभी चार पाठ्यक्रमों को आल इंडिया काउंसिल फार टेक्निकल एजुकेशन (एआइसीटीई), नई दिल्ली ने सत्र 2022-23 के लिए मान्यता प्रदान कर दी है।

विश्वविद्यालय को मिली इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह मान्यता विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी। वर्ष 2016 से विश्वविद्यालय में शुरू इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों को पुनः एआइसीटीई से शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए सभी चार इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों को मान्यता प्रदान की है। विश्वविद्यालय इन सभी तकनीकी पाठ्यक्रमों के

**कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार बोले, यह मान्यता विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी**



कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार

संचालन के लिए आवश्यक संसाधनों के विकास की दिशा में अग्रसर है। हमारे पास अनुभवी संकाय सदस्यों के साथ-साथ जरूरी अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं भी उपलब्ध हैं।

इंजीनियरिंग के लिए निर्धारित प्रमुख मानकों के अंतर्गत स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालाजी में उपलब्ध सभी चार पाठ्यक्रमों को एआइसीटीई की भी पुनः मान्यता मिल गई है, जोकि साबित करती है कि हम विद्यार्थियों के हित में किस तरह से अनवरत प्रयासरत हैं। स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालाजी के डीन डा. फूल सिंह ने बताया कि एआइसीटीई से प्राप्त पत्र के अनुसार बीटेक इन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, बीटेक इन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, बीटेक इन सिविल इंजीनियरिंग और बीटेक इन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नालाजी के पाठ्यक्रमों मान्यता मिल गई है।

स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालाजी के डीन डा. फूल सिंह ने बताया कि इंजीनियरिंग के बीटेक के सभी पाठ्यक्रमों के लिए 60-60 सीटों की मान्यता एआईसीटीई द्वारा दी गई है। इस मान्यता से विद्यार्थियों के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप तैयार पाठ्यक्रमों में अध्ययन का अवसर प्राप्त होगा व रोजगार के विकल्पों में भी इजाफा होगा।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 18-08-2022**

# इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों को सत्र 2022-23 के लिए मिली ए.आई.सी.टी.ई. की मंजूरी

महेंद्रगढ़, 17 अगस्त (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी के अंतर्गत उपलब्ध सभी 4 पाठ्यक्रमों को आल इंडिया काउंसिल फॉर टैक्निकल एजुकेशन (ए.आई.सी.टी.ई.), नई दिल्ली ने सत्र 2022-23 के लिए मान्यता प्रदान कर दी है। विश्वविद्यालय को मिली इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह मान्यता विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 से विश्वविद्यालय में शुरू इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों को पुन: ए.आई.सी.टी.ई. ने शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए सभी 4 इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों को मान्यता प्रदान की है।



*कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।*

स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी के डीन डॉ. फूल सिंह ने बताया कि ए.आई.सी.टी.ई. से प्राप्त पत्र के अनुसार बी.टैक इन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, बी.टैक इन इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, बी.टैक इन सिविल इंजीनियरिंग और बी.टैक इन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टैक्नोलॉजी के पाठ्यक्रमों मान्यता मिल गई है। डॉ. सिंह ने बताया कि इंजीनियरिंग के बी.टैक के सभी पाठ्यक्रमों के लिए 60-60 सीटों की मान्यता ए.आई.सी.टी.ई. द्वारा दी गई है। इस मान्यता से विद्यार्थियों के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप तैयार पाठ्यक्रमों में अध्ययन का अवसर प्राप्त होगा व रोजगार के विकल्पों में भी इजाफा होगा।